# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**गुरुवार, दिनांक 24 जून, 2004 (आषाढ़ 3, 1926)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन में राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" का गायन हुआ.

### 2. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा मध्यप्रदेश के राज्यपाल, श्री रामप्रकाश गुप्त, मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष, श्री बृजमोहन मिश्रा, केरल के पूर्व मुख्यमंत्री, श्री ई. के. नयनार, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री, डॉ. अबरार अहमद, पूर्व केन्द्रीय उपमंत्री, श्री ए.एम. थाँमस, पूर्व विधान सभा सदस्य, श्री विक्रम सिंह, श्रीमती चन्द्रकांता खोड़े, श्री भीष्मशाह जूदेव, श्री केदारनाथ रावत, श्री मुरलीधर माहेश्वरी, श्री भुवनेश्वर, ठाकुर दरबार सिंह, श्रीमती भूलेश्वरी दीपा साहू, श्री शेषराव गोविंदराव बुटे तथा श्री नन्हेलाल पटेल के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये गये.

विधि एवं विधायी कार्य मंत्री श्री बाबूलाल गौर, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, सदस्य कुंवर विजय बहादुर सिंह बुन्देला, डॉ. आई.एम.पी.वर्मा, श्री रामलखन शर्मा, श्री मनमोहन शाह बट्टी तथा श्रीमती सरोज बच्चन नायक ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये.

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.00 बजे विधान सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक 25 जून, 2004 (आषाढ़ 4, 1926) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

डॉ. ए.के.पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.